हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 29 अगस्त 2026
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 रक्षाबंधन को लेकर बच्चों में दिखा खासा उत्साह



08 राखी बनाओ प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई रचनात्मक...



रक्षाबंधन पर्व पर स्कूली बच्चों व रिजर्व कर्मियों ने लिया बाघ संरक्षण का संकल्प

रक्षाबंधन पर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व ने शुरू किया 'बाघ रक्षा सूत्र अभियान'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

बाघ सिर्फ एक जानवर नहीं, हमारे ईको सिस्टम का सुरक्षा कवच है। अगर बाघ सुरक्षित रहेंगे, तो हमारे जंगल बचेंगे एवं हमारा भविष्य सुरक्षित रहेगा। यह संदेश रक्षाबंधन पर्व पर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व द्वारा गत दिवस स्कूली बच्चों के बीच पहुंचकर दिया गया है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व अधिकारियों से प्राप्त जानकारी अनुसार रक्षाबंधन के पावन पर्व पर रिजर्व नर्मदापुरम द्वारा तीन दिवसीय एक नवाचार 'बाघ रक्षासूत्र अभियान' प्रारंभ किया गया है।

रक्षाबंधन सामाजिक पर्व के रूप में मनाया जाता है। जिसमें बहन अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती है और भाई द्वारा बहन को सुरक्षा का वचन दिया जाती है। उसी प्रकार सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम के बागड़ा बफर परिक्षेत्र अंतर्गत बाघ रक्षासूत्र बांधकर बाघ को बचाने की प्रतिज्ञा ली जा रही है। बाघ रक्षा सूत्र अभियान में स्कूली विद्यार्थियों, 11 ईको विकास समिति सदस्यों, ग्रामीणों एवं 50 विस्थापित ग्रामों में ग्रामीणों को बाघ रक्षा सूत्र बांधकर बाघ की सुरक्षा, उसके महत्व एवं वन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जा रहा है।



11 हजार लोगों को जागरूक करने का लक्ष्य

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और बागड़ा बफर जोन परिक्षेत्र अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बताया कि रिजर्व की ओर से बाघ रक्षा सूत्र के माध्यम से 27 अगस्त 2026 से 29 अगस्त 2026 तक संचालित किया जा रहा है। जिसमें 11 हजार ग्रामीणों, स्कूली छात्र-छात्राओं एवं जनमानस को जागरूक करने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के तहत गुरुवार को पीएम श्री हायर सेकंडरी स्कूल कामती में 450 छात्र-छात्राओं द्वारा, पीएम श्री हायर सेकंडरी स्कूल बागड़ा में 275 छात्र-छात्राओं द्वारा एवं ग्राम सारंगपुर में 50 गाइड तथा जिप्सी चालकों सहित उपस्थित पर्यटकों को बाघ रक्षासूत्र बांधकर एवं मिष्ठान देकर बाघों की सुरक्षा करने की प्रतिज्ञा ली गई।



सोहागपुर के व्यापारियों ने पुलिस से की बाजार में गश्ती की मांग

आभूषण की दुकान में चोरी करने वाली महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



गुरुवार दोपहर सराफा व्यापारी रामशंकर पिता कृपाराम सोनी निवासी राजेन्द्र वार्ड सोहागपुर की दुकान पर सोने की अंगूठी चुराने वाली महिलाओं को व्यापारियों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा था। मामले में पुलिस ने फरियादी राम शंकर सोनी की रिपोर्ट पर संबंधित महिलाओं को गिरफ्त में लिया तथा प्रकरण दर्ज किया है।

थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी द्वारा शुक्रवार को जारी प्रेस नोट के अनुसार रामशंकर सोनी ने थाने में रिपोर्ट किया कि 27 अगस्त की दोपहर चार बजे उनकी दुकान पर सोने की अगूंठी खरीदने के लिए दो महिलाएं आई। आभूषण के डिब्बे से महिलाएं 60 हजार रुपये कीमत की एक सोने की अंगूठी चोरी कर ले गईं। रिपोर्ट पर थाना सोहागपुर में महिलाओं के विरूद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस ने फरियादी की दुकान से अंगूठी चोरी करने वाली महिलाओं रमाबाई अहिरवार पति स्व. सुजीत उर्फ सुज्जु अहिरवार उम्र 35 साल निवासी फुरफुरी नगर पिपरिया एवं लक्ष्मी बाई पति स्व. राजेश कतिया उम्र 40 साल निवासी फुरफुरी नगर पिपरिया को पकड़ा। पूछताछ में जिन्होने अपना जुर्म स्वीकार किया एवं चोरी की गई सोने की अंगूठी को आरोपियों के कब्जे से बरामद की गई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी, एसआई दिनेश पाल, एएसआई गणेश राय, आरक्षक अजमेर सिंह परिहार, मनोहर दायमा, अफसर खान, संदीप चौधरी, राजकुमार यादव, महिला आरक्षक प्रीति सरयाम की भूमिका रही।


ईद मिलाद-उन-नबी पर अस्पताल में उपकरण किया दान

पिपरिया। मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद मिलाद-उन-नबी के पर्व पर जनहित को ध्यान में रखते हुए मल्टी पैरा मशीन को अस्पताल के वीएमओ राजकुमार पटेल को भेंटकर मुबारकबाद दी। मरीजों को फल वितरित किए तथा घरों में खीर का वितरण किया गया। पिपरिया मुस्लिम समुदाय की अंजुमन इस्लामिया कमेटी के इमरान अब्दुल्ला फहीम अब्दुल्ला शेख सलीम खान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत दीपसिंह छाबड़ा अलका होटल के संचालक गुरदीप सिंह मल्होत्रा सहित अन्य पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जनहित को ध्यान रखते हुए डाक्टर राजकुमार पटेल को मल्टी पैरा मशीन भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय ने बताया कि अस्पताल की आवश्यकता को पूरा करने हेतु मुस्लिम समुदाय मददगार साबित होगा।

30 को करनपुर शिवालय में मनाया जाएगा वर्धन्ति महोत्सव

धर्म प्रेमियों से वर्धन्ति महोत्सव में उपस्थित होने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर के ग्राम करनपुर के श्री स्वरूपेश्वर महादेव मंदिर में 30 अगस्त को वर्धन्ति महोत्सव मनाया जाएगा। समाजसेवी हरगोविंद सिंह पुर्विया ने बताया कि जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का 68 वां जन्मदिवस 30 अगस्त 2026 को उनके निवास के समक्ष पर निर्मित शिवालय में मनाया जाएगा। आयोजन वर्धन्ति महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। हरगोविंद पुर्विया ने बताया कि जगतगुरु शंकराचार्य राजस्थान के मनोरमा गोलोक तीर्थ नंदगांव में चातुर्मास की अवधि में हैं। जहां 30 अगस्त को उनके दर्शन को सोहागपुर क्षेत्र से बड़ी संख्या में सनातनी पहुंच रहे हैं। वहीं करनपुर के शिवालय में इस अवसर पर विशेष पूजन किया जाएगा। उन्होंने धर्म प्रेमियों से वर्धन्ति महोत्सव में उपस्थित होने की अपील की है।

अवैध शराब पर रोक के लिए किया रात्रि चौपाल का आयोजन, अधिकारियों ने मांगे ग्रामीणों से सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



ग्राम डूंडाखापा में अवैध शराब पर रोक के लिए गत दिवस एसडीएम डॉ. बबीता राठौर की उपस्थिति में रात्रि चौपाल आयोजन किया गया है। जिसमें नशा से मुक्ति अभियान को लेकर चर्चा की गई है। पूर्व जपं उपाध्यक्ष व सोमनाथ आदिवासी मजदूर संगठन संयोजक राजकुमार रघुवंशी ने बताया कि आदिवासी गांव में अवैध शराब के निर्माण एवं विक्रय पर रोक किस तरह से हो तथा ग्रामीण क्षेत्र के पुरुष एवं कम उम्र के बच्चे अवैध शराब के कुचक्र से बाहर निकलें। इसके लिए रात्रि चौपाल की गई है। जिसमें एसडीम बबीता राठौर तथा सोहागपुर थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने ग्रामीणों से विस्तृत चर्चा की। अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को शराबबंदी पर समझाइश दी गई एवं सुझाव भी लिए गए। अधिकारियों ने ग्रामीणों से कहा कि अवैध शराब बनाने व बेचने वालों पर प्रशासन कार्रवाई करेगा। लेकिन इसमें ग्रामीणों के सहयोग की अति आवश्यकता है।

निरस्त हों नाम

चौपाल में सोमनाथ मजदूर आदिवासी संगठन की ओर से राजकुमार रघुवंशी ने सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि गांव में कोई व्यक्ति शराब बनाते या बेचते तथा नशे की हालत में गांव में परिवार की महिलाओं के साथ मारपीट करते पाया जाता है तो कड़ी कार्यवाही की जाए। रघुवंशी ने कहा कि ऐसे व्यक्तियों के नाम शासन से मिलने वाली योजनाओं से निरस्त किए जाएं। और शराबियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।

महंगाई की मार के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल, पुतला दहन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं मटकुली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नगर अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत बनखेड़ी चांदौन सहित अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक रूप से प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष के निर्देश अनुसार देश में लगातार बढ़ती महंगाई को लेकर धरना प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। बिगड़ती आर्थिक स्थिति को देखते हुए कांग्रेस ने भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा आज खाने का तेल, शक्कर सहित अन्य सामान महंगा हो गया है।

रुपए की कीमत डालर के मुकाबले कमजोर हो रही है। शिक्षा के क्षेत्र में पेपर लीक से लाखों भविष्य बच्चों का अंधकार में चला गयाहै। जन विरोधी नीतियों, बढ़ती महंगाई सहित अन्य सभी मामलों में लगातार केंद्र व राज्य सरकार पूरी तरह से बिफल है।

एक ही रात दो दुकानों में चोरी, नकाबपोश चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद, लोहे की रॉड लेकर घूमता दिखा संदिग्ध

सीहोर। जिले के रेहटी में एक ही रात दो दुकानों में चोरी की घटनाएं सामने आने से व्यापारियों और रहवासियों में चिंता बढ़ गई है। दोनों घटनाओं में संदिग्ध की गतिविधियां सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई हैं। वहीं, मंडलोई कॉलोनी में भी एक व्यक्ति हाथ में लोहे की रॉड लेकर घूमता नजर आया। लगातार सामने आए इन मामलों के बाद पुलिस की रात्रि गश्त को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

रेहटी स्टैंड की दुकान में तीन बार घुसा चोर : पहली घटना रेहटी स्टैंड स्थित एक दुकान में हुई। सीसीटीवी फुटेज में एक नकाबपोश व्यक्ति दुकान के अंदर तीन बार जाता दिखाई दे रहा है। बताया गया कि आरोपी ने दुकान के गल्ले से



चिल्लर सहित अन्य सामान चोरी किया। घटना के बाद दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी। हालांकि, फिलहाल मामले में किसी आरोपी की गिरफ्तारी की जानकारी सामने नहीं आई है।

दूसरी दुकान में भी चोरी की कोशिश : इसके बाद यही संदिग्ध सलकनपुर चौकी के सामने स्थित दूसरी दुकान में पहुंचा। यहां लगे सीसीटीवी कैमरे में उसका चेहरा स्पष्ट रूप से रिकॉर्ड होने की बात सामने आई है। लगातार दो दुकानों को निशाना बनाए जाने से व्यापारियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

चोरी की घटनाओं के बीच मंडलोई कॉलोनी से सामने आए एक अन्य सीसीटीवी फुटेज ने भी लोगों की चिंता बढ़ा दी है। फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति हाथ में लोहे की रॉड लेकर घूमता और एक घर की ओर जाता दिखाई दे रहा है।

हर्षपूर्वक मनाया गया प्रेम व रक्षा का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर क्षेत्र में रक्षाबंधन पर्व शुक्रवार को हर्षपूर्वक मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों की कलाईयों पर रक्षा सूत्र बांधे। वहीं भाइयों ने बहनों को क्षमतानुसार उपहार देकर उनकी रक्षा का वचन दिया। इस अवसर पर शुभ मुहूर्त में पर्व मनाया गया।

बहनों ने भाई की कलाई पर बांधे रक्षा सूत्र

पिपरिया। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बहन और भाई का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया। शुभ मुहूर्त में बहनों ने अपने भाई की कलाई पर राखी बांधी। तथा अपने भाई की लंबी आयु की कामना की। शास्त्र के अनुसार पहली राखी माता लक्ष्मी ने राजा बली के हाथ में बांधी थी। इस वर्ष शक्कर



के रेट अधिक होने से मिठाइयां भी महंगी मिली। राखी भी इस बार काफी महंगी है। फिर भी बजार में रक्षा बंधन के एक दिन पूर्व से ही रौनक देखने को मिली। बस का किराया भी महंगा हो गया। लोगों ने बढ़ती महंगाई के बाद भी बड़े पैमाने पर रक्षा बंधन का पर्व मनाया।

पीड़ित परिवार का कहना है यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वे दिल्ली तक जाएंगे

न्याय की गुहार: घायल किसान को न्याय दिलाने बुजुर्ग पिता सीहोर से भोपाल पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के ग्राम बडवेली के किसान सतीश मेवाड़ा के साथ हुए विद्युत हादसे ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में झूलते बिजली के तारों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खेत में झूल रहे 11 केवी विद्युत तार की चपेट में आने से सतीश मेवाड़ा गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवार के अनुसार, उपचार में काफी खर्च होने के बावजूद उन्हें अब तक न्याय और अपेक्षित सहायता नहीं मिल सकी है।

घायल बेटे को न्याय दिलाने के लिए बुजुर्ग पिता उसे हाथ ठेले पर लेकर सीहोर से भोपाल पहुंचे। राजधानी में उन्होंने मंत्रियों एवं संबंधित



अधिकारियों के समक्ष अपनी पीड़ा रखते हुए मामले में निष्पक्ष जांच और न्याय की गुहार लगाई। पिता की यह तस्वीर लोगों को भावुक कर रही है।

दिल्ली तक जाने की चेतावनी

पीड़ित परिवार का कहना है कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वे घायल किसान को हाथ ठेले पर लेकर दिल्ली तक जाएंगे और प्रधानमंत्री कार्यालय अथवा प्रधानमंत्री निवास तक अपनी फरियाद पहुंचाएंगे। परिवार का कहना है कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलता, वे लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाते रहेंगे। परिवार की मांग है कि घायल किसान को उचित उपचार एवं सहायता उपलब्ध कराई जाए, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो, जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा पीड़ित किसान परिवार को उचित राहत एवं न्याय दिलाया जाए।

राशन वितरण में अनियमितता की शिकायत पर चार उचित मूल्य दुकानों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज

सीहोर। बुधनी एसडीएम संजीव नागू के निर्देश पर बुधनी विकासखंड की ग्राम पंचायत खैरी सिलगेना, नांनमेट, रतनपुर, खिड़ियाकुर्मी एवं चिकल्ली में राशन वितरण में अनियमितता संबंधी शिकायत मिलने पर सहायक आपूर्ति अधिकारी पिंकी शाक्य द्वारा जांच की गई। जांच के दौरान दुकानों पर मौजूद हितग्राहियों ने राशन वितरण में गंभीर अनियमितताओं, दुकान समय पर नहीं खुलने तथा पीओएस मशीन में बायोमेट्रिक लगाने के बावजूद राशन सामग्री उपलब्ध नहीं कराने जैसी शिकायतें दर्ज कराईं।

निरीक्षण के दौरान खाद्यान्न स्टॉक में भी अंतर पाया गया। मौके पर निरीक्षणकर्ता अधिकारी द्वारा उचित मूल्य दुकान खेरी सिलगेना, नांनमेट, रतनपुर, खिड़ियाकुर्मी एवं चिकल्ली के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया। संबंधित समिति प्रबंधक, समूह अध्यक्ष एवं दुकान विक्रेताओं द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2015 की कंडिकाओं का उल्लंघन किए जाने पर कारण बताओं सूचना पत्र जारी किए गए हैं। एसडीएम ने कहा कि शासकीय उचित मूल्य दुकानों में राशन वितरण को लेकर अनियमितता अथवा शिकायत पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



खबर संक्षेप

स्वयं सेवक संघ ने मनाया रक्षाबंधन



बैतूल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बैतूल द्वारा श्री हनुमान मंदिर मोतिवार्ड में रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया। जिसमें स्वयंसेवको एवं गणमान्यों ने उपस्थित होकर रक्षासूत्र एक दूसरे को बांधे। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्वयंसेवक संघ के वक्ता नरेंद्र यादव, विभाग प्रचारक नर्मदापुरम उपस्थित रहे। आरएसएस के बस्ती प्रमुख दीपक सोनी एवं मुख्य शिक्षक शाखा कारवां एवं समस्त गटनायक, मोहल्ला प्रमुख की सहभागिता से सामाजिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। वक्ता नरेन्द्र यादव ने अपने संबोधन में रक्षाबंधन पर्व क्यों मनाया जाता है। इसकी सहभागिता क्या रहती है, इस विषय में विस्तार से बताया। पौराणिक महत्व से लेकर इतिहास के कई बिंदुओं का उल्लेख किया गया। शिवाजी बस्ती ने सेवा बस्ती वाल्मीकि में जाकर बहनों के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया, जिसमें समस्त स्वयंसेवक गटनायक, मोहल्ला प्रमुख, मुख्य शिक्षक शाखा करवा एवं विभाग प्रचारक मौजूद रहे।

सत्यम मानव सेवा समिति ने किया वृद्ध माताओं का सम्मान



बैतूल। रक्षाबंधन के अवसर पर सत्यम मानव सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाई-बहन के स्नेह के साथ सेवा और सम्मान की भावना भी देखने को मिली। कार्यक्रम में वृद्ध महिलाओं ने समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार चौकीकर को राखी बांधकर अपनत्व और भाई-बहन के रिश्ते का भावपूर्ण संदेश दिया। इस अवसर पर राकेश कुमार चौकीकर एवं समिति के सदस्यों ने वृद्ध माताओं को उपहार भेंट कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में मौजूद बड़े-बुजुर्गों, बच्चों, माताओं और बहनों ने स्नेह, सहयोग और आशीर्वाद देकर आयोजन को यादगार बनाया। पूरे कार्यक्रम में प्रेम, आत्मीयता और सेवा भावना का माहौल रहा। आयोजन को सफल बनाने में अजय कुमरे, विनोद मेश्राम, राकेश कुमार चौकीकर, आस्था राज, अंसूया धोटे, आशिका, कोशिमा रजक, बलराम, दिव्यांश राज, कन्हैया लाल, ग्रेसी राज, काव्या, वेदांत, रेनू गजभिए और राखी बुनकर सहित समिति के अन्य सदस्यों ने सहयोग किया। सत्यम मानव सेवा समिति परिवार ने आयोजन में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी सदस्यों और उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा, स्नेह और सम्मान की यह भावना निरंतर आगे बढ़ती रहनी चाहिए।

एबीसी सेंटर बनाया, लेकिन संचालन नहीं, स्ट्रीट डॉग की बढ़ रही संख्या

स्ट्रीट डॉग पर कैसे लगेगी लगाम: पांच बार टैंडर निकाले, लेकिन नहीं मिला कोई भी ठेकेदार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

नगरपालिका ने स्ट्रीट डॉग की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण के लिए पशु चिकित्सा विभाग परिसर में एबीसी सेंटर यानी पशु जन्म नियंत्रण केंद्र तो तैयार किया है, लेकिन दो माह बाद भी इसका संचालन शुरू नहीं हो सका है। परिणाम यह है कि शहर की सडक़ों पर स्ट्रीट डॉग झुंड दिखाई दे रहे है। कई वार्डों में स्ट्रीट डॉग दस से अधिक के झुंड में बैठे नजर आते हैं। रात में स्थिति और गंभीर हो जाती है। दोपहिया वाहन चालकों के पीछे कुत्तों का अचानक दौडऩा और भौंकना आम हो गया है। इससे वाहन चालक घबरा जाते हैं और कई बार संतुलन बिगडने से हादसे का खतरा बना रहता है। कुछ क्षेत्रों में स्ट्रीट डॉग का इतना आतंक है कि लोग रात के समय गली मोहल्लों में बाहर निकलने में डर रहे हैं, लेकिन नगरपालिका द्वारा शहर में स्ट्रीट डॉग को पकडऩे की मुहिम पिछले लंबे अर्से से नहीं चलाई जा रही है। जिन क्षेत्रों में कुत्तों की संख्या ज्यादा है, वहां के रहवासी, रात में बच्चों को भी अकेला नहीं निकलने देते। यह जरूर है कि नगरपालिका ने शिकायतें बढऩे पर एक समय अपने स्तर पर स्ट्रीट डॉग पकडऩे का अभियान भी शुरू किया था, लेकिन डॉग लवर्स की आपत्तियों के बाद अभियान बंद करना पड़ा।

कुत्तों के कारण आए दिन हादसा होने का बना रहता है डर

स्ट्रीट डॉग की संख्या पर नियंत्रण नहीं

शहर में स्ट्रीट डॉग की संख्या तेजी से बढ़ रही है। विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक शहर में स्ट्रीट डॉग की संख्या एक हजार से अधिक होने का अनुमान है। पिछले कुछ समय में स्ट्रीट डॉग की संख्या में लगातार इजाफा हुआ, जिसकी मुख्य वजह नगरपालिका द्वारा स्ट्रीट डॉग की संख्या पर नियंत्रण नहीं किया जाना है। नगरपालिका के पास शहर में स्ट्रीट डॉग का कोई आंकड़ा भी नहीं है और उनकी जनसंख्या सीजन दर सीजन बढ़ते ही जा रहे हैं। लोगों ने बताया कि स्ट्रीट डॉग झुंड में सडक़ पर घूमते हैं। पैदल चलने वालों पर झुंड द्वारा हमला किया जाता हैं। इससे लोगों के जान पर बन आती है।

पांच बार निविदा बुलाने के बावजूद नहीं मिला ठेकेदार

स्ट्रीट डॉग को पकडवे और नसबंदी कराने के लिए नगरपालिका द्वारा पांच बार निविदा निकाली गई, लेकिन निविदा बुलाने के बावजूद कोई एजेंसी सामने नहीं आई। नतीजा यह है कि एक ओर शहर में स्ट्रीट डॉग के झुंड बढ़ते जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उन्हें नियंत्रित करने की व्यवस्था कागजों और टेंडर प्रक्रिया में उलझी है। पहले टेंडर में संचालन के लिए सालाना 15 लाख रुपए की राशि निर्धारित की गई थी। लगातार टेंडर विफल होने के बाद अब नगरपालिका ने छठवीं बार निविदा जारी करते हुए राशि बढ़ाकर 25 लाख रुपए सालाना कर दी है। लेकिन इसके बाद भी ठेकेदार सामने नहीं आ रहे है। जिसके कारण शहर में स्ट्रीट डॉग की संख्या बढ़ती जा रही है और यह समस्या लोगों के लिए परेशानी बनी हुई है।

हर माह एक से दो सैकड़ा लोग शिकार

शहर में स्ट्रीट डॉग के काटने की घटनाएं बढ़ते जा रही है। हालात यह है कि जिला अस्पताल में महीने भर में एक से दो सैकड़ा से अधिक लोग स्ट्रीट डॉग के काटने का शिकार होकर जिला अस्पताल पहुंच रहे है। इनमें बच्चों के शिकार होने की आशंका अधिक रहती है। समस्या केवल इंसानों तक सीमित नहीं है। पशु चिकित्सा विभाग के अनुसार शहर और आसपास के क्षेत्रों में हर माह करीब 10 से 12 पशुओं के साथ डॉग बाइट की घटनाएं सामने आ रही हैं। बकरियों को स्ट्रीट डॉग सबसे ज्यादा निशाना बना रहे हैं। इसके अलावा जिला अस्पताल की बात करे, तो रोजाना औसतन दो से तीन केस डॉग बाइट के पहुंच रहे है। जिन्हें एंटी रैबिज के इंजेक्शन लग रहे है। जिला चिकित्सालय सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे का कहना है कि कुत्ते के काटने पर एंटी रैबीज के इंजेक्शन लगवाना पड़ता है। जिला अस्पताल में यह टीका निःशुल्क लगाया जाता है।

नसबंदी केंद्र बना, लेकिन संचालन का इंतजार

शहर में स्ट्रीट डॉग की संख्या नियंत्रित करने के लिए नगरपालिका ने एबीसी सेंटर शुरू किया है। पशु चिकित्सा विभाग परिसर में एबीसी सेंटर तैयार है, लेकिन सेंटर तैयार होने के बाद भी संचालन शुरू नहीं होना नगरपालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। अब छठवीं निविदा में 25 लाख रुपए की राशि निर्धारित की गई है। नपा अधिकारियों का कहना है कि एबीसी सेंटर के संचालन के लिए राशि बढ़ाकर पुनः टेंडर कॉल किए हैं। टेंडर होने के बाद चयनित संस्था द्वारा स्ट्रीट डॉग को पकडने उनका टीकाकरण और बधियाकरण का काम करेगी। फिलहाल जहां से भी स्ट्रीट डॉग की ज्यादा शिकायतें आती है, वहां नपा का अमला पहुंचकर स्ट्रीट डॉग को पकडकर शहर के बाहर छोडने का काम कर रहा है।

इनका कहना है

स्ट्रीट डॉग को पकडने उनका टीकाकरण और बधियाकरण के लिए पांच बार टैंडर निकाले जा चुके है। लेकिन एक भी ठेकेदार सामने नहीं आया। अब छटवीं बार राशि बढ़ाकर पुनः टैंडर निकाले जा रहे है। उम्मीद है कि इस बार कोई ठेकेदार मिल जाये।

- संतोष धनेलिया, स्वच्छता प्रभारी,

सारणी की नाबालिग सीहोर में मिली, युवक गिरफ्तार

शारीरिक संबंध बनाने की बात पर दुष्कर्म-पॉक्सो की धाराएं बढ़ीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारणी

थाना क्षेत्र से करीब साढ़े तीन महीने पहले लापता हुई एक नाबालिग बालिका को सारणी पुलिस ने सीहोर जिले के गुडलिया से सकुशल दस्तयाब कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में 20 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, विवेचना के दौरान सामने आया कि आरोपी युवक बालिका को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। इन तथ्यों के सामने आने के बाद मामले में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गई हैं। यह मामला तब सामने आया जब 8 मई 2026 को बालिका की मां ने सारणी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि उसकी नाबालिग बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 141/2026 के तहत बीएनएस की धारा 137(2) में मामला दर्ज कर बालिका की तलाश शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन ने बालिका की जल्द तलाश कर दस्तयाबी के निर्देश दिए। थाना प्रभारी निरीक्षक जयपाल इनवाती के नेतृत्व में एक विशेष टीम ने जांच शुरू की। तकनीकी माध्यमों से मिली लोकेशन के आधार पर पुलिस टीम सीहोर जिले के गुडलिया पहुंची। गुडलिया में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नाबालिग बालिका को आरोपी राजकुमार वरकड़े, पिता संतोष वरकड़े, उम्र 20 वर्ष, निवासी बरेठा के कब्जे से सकुशल मुक्त कराया। इसके तत्काल बाद आरोपी राजकुमार वरकड़े को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, बालिका के कथनों और विवेचना में सामने आए तथ्यों के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। इसके बाद मामले में बीएनएस की धारा 64(2)(एम) और पॉक्सो एक्ट की धारा 5(एल)/6 का इजाफा किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्रवाई में सारणी थाना प्रभारी निरीक्षक जयपाल इनवाती, उप निरीक्षक सुनील गौर, आरक्षक मोहित भाटी और आरक्षक मनोज पाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

हमलापुर चौक पर सट्टा खिला रहे दो गिरफ्तार

बैतूल। थाना गंज पुलिस ने अवैध सट्टे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए हमलापुर चौक स्थित पान ठेले के पास सट्टा खिला रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से 10 हजार 60 रुपए नकद, सट्टा पर्चियां और पेन जब्त किए। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर मुन्ना उर्फ मोहम्मद अब्बास (43), निवासी मुर्गी चौक और गणेश मोहबे (48), निवासी ग्राम मलकापुर को पकड़ा। तलाशी में अब्बास से 8 हजार 720 रुपए और गणेश से 1 हजार 340 रुपए मिले। दोनों के पास से एक-एक सट्टा पर्ची और पेन भी जब्त किया। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की है। एसपी वीरेंद्र जैन ने लोगों से जुआ- सट्टे से दूर रहने और अवैध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने की अपील की है। कार्रवाई में निरीक्षक नीरज पाल सहित पुलिस टीम की भूमिका रही।

बहनों ने भाईयों की कलाई पर बांधा रक्षासूत्र

रक्षाबंधन को लेकर बच्चों में दिखा खासा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

भाई-बहन के अटूट और पावन प्रेम का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को जिले भर में उत्साहपूर्वक मनाया गया। बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर रक्षासूत्र के रूप में अपना प्यार बांधा, वहीं भाईयों ने अपनी बहनों को जीवन भर रक्षा करने का वचन दिया और प्रेम स्वरूप उपहार भेंट किए। रक्षाबंधन को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह छोटे-छोटे बच्चों में दिखाई दिया। बच्चे सुबह से ही नये-नये कपड़े पहनकर तैयार हो गए थे वंही बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधी और मिठाई खिलाकर अपने भाई की लंबी उम्र



की कामना की। बहनों ने सबसे पहले भाईयों को कुमकुम, रोली (चंदन) का तिलक लगाया और आरती उतारी। जिसके बाद भाईयों के हाथो में रक्षासूत्र बांधकर मिठाई खिलाई। वहीं भाईयों ने अपनी बहनों को उपहार भेंट किए।

नवीन बस स्टैंड में अतिक्रमण पर कार्रवाई से हंगामा

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद रुकी अतिक्रमण कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

रक्षाबंधन पर्व से ठीक पहले चिचोली में नवीन बस स्टैंड परिसर में अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर परिषद की टीम की कार्रवाई को लेकर गुरुवार को हंगामा हो गया। वर्षों से दुकान संचालित कर रहे व्यापारियों ने कार्रवाई का विरोध किया। सूचना मिलते ही कांग्रेस नेता मौके पर पहुंचे और कार्रवाई रोकने की मांग की। कांग्रेस नेता हर्ष भुसारी ने मौके से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से दूरभाष पर चर्चा कर पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद पटवारी ने संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात की, जिसके बाद फिलहाल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई रोक दी गई और दुकानदारों को सोमवार तक स्वयं अतिक्रमण हटाने की मोहलत दी गई। हर्ष भुसारी ने कहा कि रक्षाबंधन जैसे महत्वपूर्ण त्योहार के ठीक पहले वर्षों से दुकान संचालित कर रहे व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई से उन्हें आर्थिक नुकसान



होगा। प्रशासन को पहले व्यापारियों से चर्चा कर उचित व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। पूर्व पार्षद एवं कांग्रेस नेता रूपेश आर्य ने भी मौके पर पहुंचकर कार्रवाई का विरोध किया। उन्होंने कहा कि व्यापारी लंबे समय से यहां दुकानें संचालित कर रहे हैं, इसलिए त्योहार के ठीक पहले उन्हें हटाना उचित नहीं है। प्रशासन को उनकी समस्या सुनकर उचित व्यवस्था करनी चाहिए। विरोध के दौरान नगर परिषद की टीम ने दो दुकानों को हटाया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और अधिकारियों के बीच बहस भी हुई। नवीन बस स्टैंड परिसर में अभी करीब 4 से 5 दुकानें बाकी हैं।

आजीवन कारावास के कैदियों ने बच्चों संग किया भोजन

बैतूल जिला जेल में बहनों ने भाइयों को राखी बांधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बैतूल जिला जेल में रक्षाबंधन पर भावुक माहौल रहा। सैकड़ों बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। इस अवसर पर आजीवन कारावास की सजा काट रहे बंदियों को पहली बार अपने बच्चों के साथ बैठकर भोजन करने का मौका मिला। बच्चों ने जेल की चारदीवारी के भीतर अपने पिता के साथ खाना खाया। लंबे समय बाद बच्चों को सामने देखकर कई बंदी भावुक हो गए। यह पल कई पिताओं के लिए बेहद खास रहा, जहां उन्होंने बच्चों को गले लगाया और उनसे बातचीत की। इस दौरान कई बंदियों की आंखों से आंसू छलक पड़े। बच्चों के लिए भी जेल के भीतर पिता के साथ भोजन करना एक अलग अनुभव था। आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी शुभम विश्वकर्मा ने अपनी भावनाएं साझा करते हुए कहा, चार साल में पहली बार बच्चों के साथ खाना खाया। अच्छा लग रहा है। मुझे आजीवन



कारावास की सजा है, ऐसा मौका पहले कभी नहीं मिला। बहनों और बच्चों के साथ पहली बार ऐसा मौका मिला है। जेल अधीक्षक योगेंद्र तिवारी ने बताया कि मध्यप्रदेश की जेलों में महानिदेशक जेल के आदेश पर प्रत्यक्ष मुलाकात कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन जेल स्टाफ, बंदियों और उनके परिवारों के लिए उत्साहवर्धक त्योहार है। उन्होंने पुष्टि की कि सुबह से सैकड़ों बहनें बंदियों से मिलने पहुंचीं और राखी बांधी। जेल अधीक्षक ने बताया कि इस बार आजीवन कारावास की सजा काट रहे बंदियों के लिए विशेष रूप से उनके बच्चों के साथ बैठकर भोजन करने की व्यवस्था की गई। बच्चों ने अपने पिता के साथ भोजन किया। बच्चों से मिलकर बंदी भावुक हुए और कई की आंखों में आंसू आ गए। जेल अधीक्षक योगेंद्र तिवारी के मुताबिक, बंदियों को परिवार से जोडऩा सकारात्मक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। परिवार के साथ समय बिताने और बच्चों से मिलने से बंदियों में भावनात्मक जुड़ाव बढ़ेगा।

नरखेड़ के पास हादसे से करीब तीन घंटे प्रभावित रहा यातायात, वाहनों की लगी कतारें

मुर्गियों से भरा ट्रक बीच सड़क पर पलटा मुलताई-अमरावती मार्ग पर लगा लंबा जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

मुलताई-अमरावती मार्ग पर ग्राम नरखेड़ के समीप शुक्रवार को मुर्गियों से भरा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर बीच सडक़ पर पलट गया। हादसा इतना गंभीर था कि ट्रक सडक़ पर आड़ा हो गया और बड़े वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई। दुर्घटना के बाद मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं और करीब तीन घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। हालांकि, राहत की बात यह रही कि हादसे में ट्रक चालक और कंडक्टर सुरक्षित बच गए।

सडक़ पर आड़ा पलटा ट्रक, दोनों ओर थम गया यातायात-

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मुर्गियों से भरा ट्रक नरखेड़ के पास अचानक अनियंत्रित होकर सडक़ पर पलट गया। ट्रक के बीच सडक़ पर आड़ा हो जाने के कारण बड़े वाहनों के लिए मार्ग पूरी तरह बंद हो गया। देखते ही देखते मुलताई और अमरावती की ओर से आने-जाने वाले वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हादसे के कारण छोटे वाहनों को भी निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ा। कई वाहन चालक काफी देर तक जाम में फंसे रहे। मार्ग पर यातायात व्यवस्था बिगडने से यात्रियों को भी परेशानी उठानी पड़ी।

रक्षाबंधन के कारण पहले से अधिक था यातायात

शुक्रवार को रक्षाबंधन का पर्व होने के कारण मुलताई-अमरावती मार्ग पर सुबह से ही सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक यातायात था। बड़ी संख्या में लोग पर्व के चलते अपने गंतव्य की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मुर्गियों से भरे ट्रक के पलटने से मार्ग पर यातायात का दबाव और बढ़ गया। जाम के चलते सडक़ के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। करीब तीन घंटे तक यातायात प्रभावित रहने से यात्रियों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को सडक़ से हटाने के लिए क्रेन बुलवाई गई। खबर लिखे जाने तक ट्रक को बीच सडक़ से हटाने का प्रयास जारी था। ट्रक के हटने के बाद ही बड़े वाहनों की आवाजाही पूरी तरह सामान्य होने की उम्मीद जताई जा रही थी। हादसे में चालक और कंडक्टर के सुरक्षित बच जाने से बड़ी जनहानि टल गई। दुर्घटना के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका। पुलिस द्वारा मामले की जानकारी जुटाई जा रही है।

पहलवान दिखाएंगे हैरतअंगेज करतब

भुजलिया पर्व पर निकलेगा नवयुवक बजरंग अखाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

प्रतिवर्ष रक्षाबंधन के अवसर पर भुजलिया पर्व पर निकलने वाले साहू समाज समिति नवयुवक जय बजरंग अखाड़े की तैयारियां पूरी हो गई हैं। इस वर्ष भी अखाड़े के प्रशिक्षित पहलवानों द्वारा किए जाने वाले हैरतअंगेज करतब भुजलिया पर्व के प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहेंगे। नवयुवक बजरंग अखाड़ा केवल एक अखाड़ा नहीं, बल्कि नगर की सांस्कृतिक और पारंपरिक धरोहर के रूप में भी अपनी पहचान बनाए हुए है। अखाड़े से जुड़े बुजुर्ग पहलवानों के अनुसार, आजादी के वर्ष 1947 में बुजुर्गों द्वारा अखाड़े की शुरुआत की गई थी। तब से लगातार करीब 80 वर्षों से नागपंचमी पर्व पर विधि-विधान से शस्त्र पूजन के बाद अखाड़े का अभ्यास शुरू किया जाता है। इस वर्ष भी नागपंचमी से



शुरू हुआ पहलवानों का नियमित अभ्यास पूरा हो चुका है। रक्षाबंधन के बाद भुजलिया पर्व पर अखाड़े की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें समाज की महिलाएं सिर पर भुजलिया लेकर अखाड़े के साथ शामिल होंगी। गाजे-बाजे के साथ निकलने वाली शोभायात्रा में अखाड़े के सदस्य अपनी कला और शौर्य का प्रदर्शन करते हुए सामाजिक एकता का संदेश देंगे।

लाठी, तलवार और भाले के साथ दिखेंगे हैरतअंगेज करतब

भुजलिया पर्व पर निकलने वाली शोभायात्रा में पहलवानों द्वारा लाठी, तलवार और भाला घुमाने सहित विभिन्न पारंपरिक करतब प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके अलावा शरीर पर भारी वजन उठाना, नुकीली कीलों पर लेटकर शरीर के ऊपर से मोटरसाइकिल निकालना, सिर पर ट्यूबलाइट फोडवा, शरीर पर रखे भारी पत्थर को तोडवा, आग के बीच से निकलना, भारी वाहन खींचना, टाइल्स फोडवा, हाथों से नारियल फोडवा और अन्य साहसिक प्रदर्शन भी किए जाएंगे। इन रोमांचक प्रदर्शनों को देखने के लिए हर वर्ष नगर के विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में नागरिक एकत्रित होते हैं। अखाड़े के पहलवान और सदस्य पूरे उत्साह के साथ अभ्यास कर चुके हैं।

शिक्षिकाओं ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को बांधी राखी

टीईटी निरस्त करने की मांग, तमिलनाडु की तर्ज पर विधेयक लाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

आजाद शिक्षक संघ की महिला शिक्षिकाओं ने शुक्रवार शाम को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल से मुलाकात की। उन्होंने टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) को निरस्त कराने की मांग की। शिक्षिकाओं ने खंडेलवाल को राखी बांधी और परीक्षा से राहत दिलाने की अपील की। इसके बाद शिक्षक संघ संयुक्त मोर्चा जिला बैतूल की ओर से एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि मध्यप्रदेश में भी तमिलनाडु की तर्ज पर विधानसभा में टीईटी निरस्त करने का विधेयक पारित किया जाए। शिक्षिकाओं का कहना है कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के बीच इस परीक्षा को लेकर डर और तनाव बना हुआ है। उनका तर्क है कि लंबे अनुभव



और पूर्व निर्धारित योग्यता के आधार पर नियुक्त शिक्षकों को अब दोबारा पात्रता परीक्षा के दायरे में लाना उचित नहीं है। उन्होंने ने सरकार से शिक्षकों के अनुभव और सेवा अवधि को देखते हुए राहत देने की मांग की है। दरअसल, टीईटी को अनिवार्य करने का मामला सीधे सुप्रीम कोर्ट के आदेश से जुड़ा है। 1 सितंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि आरटीई कानून के दायरे वाले गैर-अल्पसंख्यक स्कूलों में सेवारत शिक्षकों के लिए भी टीईटी न्यूनतम पात्रता है।

खबर संक्षेप

पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष का अनोखा प्रदर्शन



भौरासा। शुक्रवार को रक्षाबंधन के उपलक्ष में जहां त्योहार को लेकर पूरे नगर में रौनक बनी हुई थी तो वही महंगाई के खिलाफ पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नगजीराम यादव द्वारा एक अनूठा विरोध प्रदर्शन किया गया। उन्होंने अपने हाथों में एक किलो शक्कर की थैली अपने हाथो मे रखी और पूरे नगर में दुकान दुकान जाकर एक-एक चुटकी भर शक्कर बाटते हुए नजर आए जिसकी पूरे नगर में चर्चा है। इस अनोखे प्रदर्शन के पीछे शक्कर की बढ़ती कीमतों को बताया जा रहा है।

अभियान के तहत आज कन्नौद में लगेगा शिविर

देवास। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सुशासन को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए "मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान" के अंतर्गत जिले में विकासखंड स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों के माध्यम से सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई और लोक सेवा गारंटी के लंबित मामलों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में 29 अगस्त शनिवार को कृषि उपज मंडी कन्नौद में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के आला अधिकारी पहुंचकर नागरिकों की समस्याओं का समाधान करेंगे। इस दौरान स्थानीय उद्यमियों, निवेशकों और स्टार्टअप प्रतिनिधियों के साथ 'उद्योग संवाद' कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

ब्राह्मण महासंघ का श्रावणी उपाकर्म संपन्न

देवास। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ का श्रावणी उपाकर्म शिव मदन वैदिक पाठशाला के विद्वान पंडित डॉ. देवनायक मिश्र, सूर्य प्रकाश मिश्र, पं कपिल शास्त्री के आचार्यत्व में महासंघ अध्यक्ष पं. दिनेश मिश्रा की अध्यक्षता में स्थानीय मंडी धर्मशाला में संपन्न हुआ। युवा संघ अध्यक्ष छोटू पांडे संयोजक मयंक उपाध्याय ने बताया कि श्रावणी उपाकर्म प्रातः 8.30 से प्रारंभ होकर 10 विधि स्नान कर उपस्थित ब्राह्मण बंधुओ ने मंत्र उच्चारण के साथ यज्ञोपवीत धारण किया। पश्चात हवन पूजन कर संस्कृत दिवस मनाया गया। इस दौरान कई विप्रजन उपस्थित थे।


ई-अटेंडेंस और टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

5 सितंबर को काली पट्टी बांधकर काम करने का निर्णय, सम्मान समारोह के बहिष्कार की चेतावनी

ई-अटेंडेंस व्यवस्था, लंबे समय से शासकीय सेवा में कार्यरत शिक्षकों ने टीईटी परीक्षा को अनिवार्य करने का जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं और लंबित मांगों को लेकर शिक्षक संगठनों के संयुक्त मोर्चा ने जिला शिक्षा अधिकारी राजीव सूर्यवंशी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने ई-अटेंडेंस व्यवस्था तथा लंबे समय से शासकीय सेवा में कार्यरत शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा को पुनः अनिवार्य किए जाने के प्रस्ताव का विरोध किया। संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद विभाग द्वारा लागू की जा रही कुछ व्यवस्थाओं से शिक्षकों में असंतोष है। उन्होंने मांग की कि शिक्षकों की उपस्थिति का निर्धारण केवल तकनीकी माध्यम से न किया जाए, बल्कि विद्यालयीन परिस्थितियों और वास्तविक उपस्थिति को भी आधार बनाया जाए। ज्ञापन में लंबे समय से शासकीय सेवा में कार्यरत शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा की पुनः अनिवार्यता के प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने की मांग भी की गई। शिक्षकों का कहना है कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के अनुभव और कार्यक्षमता को ध्यान में रखते हुए इस संबंध में उचित निर्णय लिया जाना चाहिए।



काली पट्टी बांधकर करेंगे कार्य

संयुक्त मोर्चा ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं और मांगों पर उचित निर्णय नहीं लिया गया तो 5 सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक हाथ पर काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे। साथ ही किसी भी प्रकार का शिक्षक सम्मान ग्रहण नहीं करने का निर्णय लिया गया है। ज्ञापन का वाचन ज्योति वडेकर ने किया, जबकि आभार पुरुषोत्तम सिंह सिसौदिया ने माना। इस अवसर पर रजनीश पोरवाल, शेख साबिर, दिनेश चौधरी, अरुण मिश्रा, दुर्गेश जाजु, मतीन खान, अजय सिंह गौड़, लक्ष्मी माली, सुनील कुमावत, निर्मला सिंह, रागिनी त्यागी, निर्दोष तिर्की, संगीता राठौर, अनिता पंचोली सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं विभिन्न शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

चोरी छिपाने ट्रक गहरी खाई में फेंककर लगाई आग



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सिया घाट की करीब 400 फीट गहरी खाई में ट्रक गिरने और उसमें आग लगने की घटना का देवास पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि करीब 285 क्विंटल सोयाबीन चोरी करने के बाद वारदात को छुपाने के लिए ट्रक को खाई में फेंककर आग लगाई गई थी और इसे सड़क दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की गई। जानकारी अनुसार 23 अगस्त को सिया घाट पर ट्रक के खाई में गिरने एवं आग लगने की सूचना मिलने पर कन्नौद पुलिस मौके पर पहुंची थी। घटना में किसी व्यक्ति के घायल नहीं होने और मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने जांच शुरू की। एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन में कन्नौद पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्रम् के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों, तकनीकी साक्ष्यों एवं अन्य जांच के आधार पर मामले की पड़ताल की। जांच में सामने आया कि 21 अगस्त को ट्रक क्रमांक एमपी-04-एचई-4288 में 285 क्विंटल सोयाबीन भरकर हिंगनघाट, महाराष्ट्र भेजी गई थी।

आरोप है कि ट्रक चालक और उसके साथियों ने करीब 19 लाख रुपए मूल्य की सोयाबीन चोरी कर ली। इसके बाद चोरी को छुपाने और झूठी दुर्घटना का रूप देने के लिए ट्रक को सिया घाट की गहरी खाई में फेंककर आग लगा दी गई। पुलिस ने मामले में ट्रक चालक आरोपी रहीश पिता इसूब खां, निवासी धनना, जिला शाजापुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर चोरी कर छुपाई गई सोयाबीन बरामद की गई है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक राहुल रावत, प्रधान आरक्षक दीपक अग्निहोत्री, आरक्षक योगेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह एवं साइबर सेल के आरक्षक सोनू की भूमिका रही।

बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा

कांग्रेस पार्टी के महंगाई विरोधी जनआंदोलन अभियान के तहत गुरुवार को बागली विधानसभा क्षेत्र के बागली नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। गांधी चौक चौराहा पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिलीप गुर्जर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी के निर्देशन में आयोजित प्रदर्शन के दौरान पेट्रोल की बढ़ती कीमतों, रसोई गैस सिलेंडर के दाम, चीनी की महंगाई और बढ़ते बिजली बिल को लेकर विरोध जताया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप गुर्जर ने कहा कि आमजन महंगाई से त्रस्त है और युवा बेरोजगारी से परेशान हैं। उन्होंने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि बढ़ती महंगाई का सबसे अधिक असर गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के घरेलू बजट पर पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आमजन को चीनी के पैकेट वितरित कर बढ़ती कीमतों के खिलाफ प्रतीकात्मक विरोध भी दर्ज कराया। इस अवसर पर अंतरसिंह पाटीदार, मिंटू गुर्जर, रितेश भाटी, ओमप्रकाश शर्मा, आयुष यादव, तेरसिंह देवड़ा, इंद्र पंचोली, विजय यादव, अजीज मंसूरी, सुनील जायसवाल, लल्ली भाटी, अशोक शर्मा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ पुश-अप चैलेंज



देवास। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला देवास द्वारा 28 से 30 अगस्त तक आयोजित खेल गतिविधियों के अंतर्गत श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम, देवास स्थित जिम्नेजियम में "29 पुश-अप चैलेंज" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को फिटनेस एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा खेल गतिविधियों के प्रति प्रेरित करना रहा। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक पुश-अप चैलेंज में सहभागिता की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप ट्रॉफी एवं पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर युवाओं से नियमित व्यायाम एवं खेल गतिविधियों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम स्थित जिम के ट्रेनर अजीम शेख द्वारा किया गया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों, युवाओं एवं खेलप्रेमियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल, निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को भौरासा नगर में जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता छोटे हनुमान चौक पर एकत्रित हुए और हाथों में तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रैली निकाली। रैली छोटे हनुमान चौक से शुरू होकर एमजी रोड और रपट मार्ग से होते हुए बड़े हनुमान चौक पहुंची। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर बढ़ती महंगाई को लेकर सरकार पर निशाना साधा। प्रदर्शन के दौरान ठेला गाड़ी पर गैस सिलेंडर, पेट्रोल, शक्कर सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं को रखकर प्रतीकात्मक विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की, जिससे नगर में कांग्रेस का प्रदर्शन चर्चा का विषय बना रहा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पेट्रोल-डीजल के साथ खाद्य सामग्री और शक्कर सहित आवश्यक वस्तुओं के बढ़ते दामों से आमजन परेशान है। महंगाई के कारण गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों का घरेलू बजट बिगड़ रहा है। कार्यकर्ताओं ने आवश्यक वस्तुओं के दाम कम कर आमजन को राहत देने की मांग की। बड़े हनुमान चौक पर आयोजित सभा को पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नगजीराम यादव ने संबोधित किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर सहित नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नगर में हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व ब्राह्मणों ने किया श्रावणी कर्म



सोनकच्छ। भाई-बहन के पवित्र प्रेम, स्नेह और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन सोनकच्छ क्षेत्र में हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर अपने प्रेम और स्नेह का धागा बांधा तथा उनकी लंबी आयु, सुख-समृद्धि और खुशहाल जीवन की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। रक्षाबंधन के अवसर पर ब्राह्मण समाज द्वारा परंपरानुसार श्रावणी कर्म भी विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न किया गया। ब्राह्मणों ने स्नान, संकल्प एवं पूजन-अर्चन कर यज्ञोपवीत (जनेऊ) का पूजन किया और विधि-विधान से नवीन यज्ञोपवीत धारण किया।

महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारदा



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी एवं प्रभारी विनय बाकलीवाल के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांटाफोड़ के तत्वावधान में नगर कांग्रेस कमेटी लोहारदा द्वारा गुरुवार को महंगाई एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा एवं विरोध प्रदर्शन की तख्तियां लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और बढ़ती महंगाई पर आक्रोश जताया। प

रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण, बढ़ती खाद्य वस्तुओं की कीमतों, रसोई गैस के दाम एवं आम जनता पर बढ़ते आर्थिक बोझ को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। कार्यकर्ताओं के हाथों में लगी तख्तियों पर "पेट्रोल में मिलावट नहीं चलेगी, एथेनॉल की मजबूरी नहीं चलेगी, बेटे के प्यार में पेट्रोल में एथेनॉल नहीं चलेगा", "भाजपा के देखो खेल, खा गए शक्कर पी गए तेल" तथा "गैस के बढ़ते दाम, जनता बेहाल, जवाब दो सरकार" जैसे नारे लिखे हुए थे। इस दौरान नगर कांग्रेस कमेटी लोहारदा के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता बडी संख्या में मौजूद रहे। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विष्णु मीणा, पूर्व प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता निर्मल पुरोहित, लोहारदा नगर कांग्रेस अध्यक्ष अंकुश सारदा, पूर्व जिला महामंत्री अभिषेक भट्ट, अभिषेक जोशी, योगेश पटौदी, देवेंद्र पटेल, लखन पटेल, नितिन मीणा सहित समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सिंगल यूज प्लास्टिक पर निगम की कार्रवाई, लगाया 1 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




नगर निगम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बालगढ़ रोड स्थित सिल्वर कॉलोनी में एक मकान एवं गोदाम पर कार्रवाई करते हुए 1 लाख रुपए की चालानी कार्रवाई की है। साथ ही करीब 2 लाख रुपए मूल्य की प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री जब्त की है।निगमायुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में की गई कार्रवाई के दौरान नगर निगम की टीम ने संबंधित मकान एवं गोदाम का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि सिंगल यूज प्लास्टिक निर्माण गतिविधियों के चलते निगम द्वारा 20 अगस्त को उक्त मकान एवं गोदाम को सील किया गया था।निरीक्षण के दौरान प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक से संबंधित बड़ी मात्रा में सामग्री पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। निगम मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक के निर्माण, भंडारण एवं उपयोग के विरुद्ध निगम का अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई के साथ सामग्री जब्त की जाएगी।कार्रवाई में मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार, स्वच्छता निरीक्षक शंकर सांगते तथा स्वच्छ भारत मिशन से शाहनवाज शेख, मिथलेश चौकसे, मुकेश सोलंकी सहित निगम की टीम मौजूद रही।

जेल की सलाखों के बीच खिला भाई-बहनों के प्यार का रंग

बहनों ने बंदी भाइयों की कलाई पर बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जेल की ऊंची दीवारें और लोहे की सलाखें उस समय मानो भाई-बहन के अटूट प्रेम के आगे छोटी पड़ गईं, जब जिला जेल देवास में रक्षाबंधन का पर्व भावुक माहौल में मनाया गया। दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचीं 150 से अधिक बहनों ने अपने बंदी भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा। इस दौरान कई ऐसे भावुक क्षण भी सामने आए, जब भाई-बहन की आंखें नम हो गईं। जिला जेल अधीक्षक विद्या भूषण प्रसाद ने बताया कि रक्षाबंधन के अवसर पर बंदियों की बहनों को अपने भाइयों से प्रत्यक्ष मुलाकात कर राखी बांधने की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई गई। जेल प्रशासन द्वारा मानवीयता और संवेदनशीलता के साथ बहनों एवं परिवारजनों के प्रवेश की व्यवस्था की गई। सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक चले रक्षाबंधन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बहनें जेल पहुंचीं।

बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी, तिलक लगाया और उनके सुखद भविष्य की कामना की। इस दौरान कई मुस्लिम बहनें भी जेल पहुंचीं और अपने भाइयों को रक्षासूत्र बांधकर भाई-बहन के प्रेम और सामाजिक सौहार्द की मिसाल पेश की। रक्षाबंधन के दौरान सबसे भावुक दृश्य उस समय देखने को मिले, जब बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के साथ उनसे यह वचन लिया कि जेल से बाहर आने के बाद वे दोबारा किसी गलत कार्य या अपराध की राह पर नहीं जाएंगे। जिला जेल अधीक्षक विद्या भूषण प्रसाद ने कहा कि बंदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना जेल प्रशासन का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। रक्षाबंधन जैसे पारिवारिक पर्व पर बंदियों को परिवार और अपनों का स्नेह मिले, इसके लिए प्रयास किया गया।

कमलापुर पुलिस ने अवैध हथियार के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा



ऑपरेशन प्रहार तहत कमलापुर पुलिस ने अवैध हथियार रखने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 315 बोर का देशी कट्टा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व से चोरी, नकबजनी, डकैती, अवैध हथियार और मारपीट सहित 8 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज बताए गए हैं। थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि करौंदिया फाटे स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास एक संदिग्ध युवक अवैध हथियार लेकर मौजूद है। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी और संदिग्ध वसील उर्फ वासिल शेख पिता अजीज शेख, उम्र 28 वर्ष, निवासी बड़ा मोहल्ला कमलापुर को हिरासत में लिया। पुलिस ने अवैध हथियार जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 25 एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

बहनों द्वारा लाई गई मिठाई और अन्य सामान की जेल प्रहरियों ने जांच की

जिला जेल में मनाया रक्षा बंधन पर्व, बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधे रक्षा सूत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा

जिला जेल में रक्षाबंधन के अवसर पर कैदी भाइयों और उनकी बहनों के बीच भावुक मुलाकात देखने को मिली। शुक्रवार को बड़ी संख्या में बहनें जेल पहुंचीं और भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर मिठाई खिलाई। इस दौरान कई कैदियों ने बहनों से भविष्य में अपराध से दूर रहने और जेल से बाहर निकलकर अच्छा नागरिक बनने का वादा किया। शुक्रवार सुबह से ही जिला जेल के बाहर बहनों की भीड़ जुटने लगी थी। रक्षाबंधन को लेकर जेल प्रशासन और जिला पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। अतिरिक्त पुलिस जवानों की तैनाती के साथ जेल के मुख्य द्वार पर राखी बांधने की व्यवस्था की गई। बहनों द्वारा लाई गई मिठाई और अन्य सामान की जेल प्रहरियों ने जांच की। इसके बाद उन्हें निर्धारित व्यवस्था के तहत जेल परिसर में प्रवेश दिया गया। भाई से मुलाकात के दौरान कई बहनें उत्साहित नजर आईं, तो कुछ भावुक भी हो गईं। जेल में बंद अपने भाइयों को देखकर कई बहनों की आंखों से आंसू छलक पड़े। बहनों के स्नेह से भावुक हुए कई कैदियों ने उनसे अपराध की दुनिया से दूर रहने का वादा किया। उन्होंने जेल से रिहा होने के बाद गलत रास्ते पर नहीं जाने और समाज में जिम्मेदार नागरिक के रूप में जीवन बिताने का संकल्प लिया।



अपराध न करने का वचन दिया

नर्मदापुरम से आई भावना गोयल ने बताया कि वह अपने भाई से मिलने हरदा जेल पहुंची थीं। उन्होंने भाई को राखी बांधी और मिठाई खिलाई। साथ ही भाई से आगे कोई गलत काम नहीं करने का वचन भी लिया। जेलर दिलीप सिंह ने बताया कि रक्षाबंधन के लिए जेल में विशेष इंतजाम किए गए थे। जो बहनें नारियल या मिठाई नहीं ला पाई थीं, उनके लिए जेल प्रशासन की ओर से इसकी व्यवस्था की गई। पहचान पत्र प्रस्तुत करने पर इच्छुक बहनों और उनके साथ आए 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को निर्धारित सुविधा के तहत प्रवेश दिया गया। बहनों को 150 ग्राम मिठाई, फूटा हुआ नारियल और कुंकुम-चावल लाने की अनुमति थी। जेल प्रशासन की ओर से उपलब्ध कराई गई थाली के साथ बहनों को 10 मिनट की मुलाकात का अवसर दिया गया। रक्षाबंधन के इस आयोजन ने जेल की चारदीवारी के बीच भाई-बहन के रिश्ते की भावनात्मक तस्वीर पेश की। वहीं, कैदियों द्वारा अपराध छोड़कर बेहतर जीवन जीने का संकल्प इस मुलाकात का अहम संदेश रहा।

किन्नरों ने बांधी राखी

हरदा में रक्षाबंधन पर्व पर किन्नर समाज के सदस्यों ने सिटी कोतवाली थाने में तैनात पुलिसकर्मियों और मीडियाकर्मियों को राखी बांधी। उन्होंने पुलिसकर्मियों को तिलक लगाकर रक्षासूत्र बांधा और मिठाई खिलाई। किन्नर समाज के सदस्यों ने बताया कि पुलिसकर्मी अपने घरों से दूर रहकर आमजन की सुरक्षा में तैनात रहते हैं। रक्षाबंधन के दिन उन्हें राखी बांधकर उनकी बहन की कमी पूरी करने का प्रयास किया गया। तपस्या दीदी ने कहा, हम लोगों ने पुलिसकर्मियों को राखी बांधी क्योंकि वे अपने घर से दूर रहकर हमारी सुरक्षा के लिए ड्यूटी कर रहे हैं। उन्हें बहन की कमी महसूस न हो, इसलिए हमने उन्हें राखी बांधकर लंबी आयु का आशीर्वाद दिया। उन्होंने मीडियाकर्मियों को भी राखी बांधने का जिक्र किया, जो त्योहारों पर भी समाचार कवरेज के लिए समय देते हैं। सिटी कोतवाली टीआई रोशनलाल भारती ने इस पहल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि किन्नर समाज ने उन्हें राखी बांधकर शहर के नागरिकों की रक्षा का वचन लिया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे अपने सहकर्मियों के साथ मिलकर इस वचन को पूरी ईमानदारी से निभाएंगे।



शिवानुजा प्ले स्कूल में रक्षा बंधन पर्व मनाया

राखी बनाओ प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा, पुरस्कारों की संख्या करनी पड़ गई दोगुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा





शिवानुजा प्ले स्कूल में रक्षा बंधन पर्व उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए राखी बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक राखियां तैयार कीं। किसी बच्चे ने ड्रॉइंग के माध्यम से तो किसी ने विभिन्न वस्तुओं का उपयोग कर सुंदर और मनमोहक राखियां बनाईं। बच्चों द्वारा बनाई गई राखियां इतनी सुंदर और आकर्षक थीं कि निर्णायक के लिए श्रेष्ठ राखियों का चयन करना काफी कठिन हो गया।

बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए पुरस्कारों की संख्या भी दोगुनी करनी पड़ी। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों में अपनी बनाई राखियों को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में लायंस क्लब की पूर्व सचिव एवं अग्रवाल समाज की पदाधिकारी शीनू बंसल रहीं। उन्होंने बच्चों की कला एवं रचनात्मकता की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब बच्चे छोटी उम्र से ही कुछ बेहतर करने की शुरुआत कर देते हैं तो आगे चलकर निश्चित रूप से अपने क्षेत्र में नाम कमाते हैं। बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए ऐसे अवसर मिलते रहना चाहिए। राखी बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार क्विंसी गंदवाने एवं श्रीयान गोयल, द्वितीय पुरस्कार राशिका ठाकुर एवं श्रीयान जैसानी तथा तृतीय स्थान अली मुर्तुजा एवं उत्कर्ष बड़ोदिया ने प्राप्त किया। निर्णायक एवं अतिथि शीनू बंसल ने विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर संस्था की डायरेक्टर विभूति गौर ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को निखारना संस्था का फर्ज है। बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता सिर्फ उन्हें उचित अवसर और मंच देने की है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को अपनी प्रतिभा सामने लाने के अवसर दिए जाते हैं।

रक्षा बंधन पर्व के अवसर पर विद्यालय में भाई-बहन के प्रेम और स्नेह को दर्शाते हुए विशेष आयोजन भी किया गया। बालिकाओं ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और उन्हें मिठाई खिलाई। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर रक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान बच्चों के चेहरे पर पर्व की खुशी और उत्साह देखने को मिला। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम ने बच्चों के लिए रक्षा बंधन पर्व को यादगार बना दिया। इस दौरान संस्था की वॉइस प्रिंसिपल समीक्षा त्यागी, सुधा ठाडा, ऋतु राजपूत, प्रिया तोमर, मोनिका नागवंशी, भावना वर्मा, अनिमेश देवड़ा सहित अन्य स्टाफ उपस्थित था।

100 साल पुराना जर्जर मकान ढहा, कोई जनहानि नहीं हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा



वार्ड क्रमांक 22 कुलहरदा में दुर्गा मंदिर के पीछे शुक्रवार सुबह करीब 7:14 बजे एक 100 साल पुराना जर्जर मकान ढह गया। हादसे के वक्त मकान में किराएदार का परिवार मौजूद था, हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। यह मकान जावेद अहमद पटेल पिता स्वर्गीय सैय्यद मोहसिन अली का है।

यह नजूल शीट क्रमांक 17 डी, भूखंड क्रमांक 8/1 पर स्थित है। मकान मालिक पेशे से वेल्डिंग व्यवसायी हैं। मकान मालिक जावेद पटेल ने बताया कि उन्होंने मकान की जर्जर स्थिति को लेकर 4 जून 2026 को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हरदा और नगरपालिका परिषद हरदा को लिखित आवेदन दिया था। आवेदन में बताया गया था कि मकान का एक हिस्सा पहले ही तोड़ा जा चुका है, लेकिन कोने वाला हिस्सा, जिसमें किराएदार आवेदा बी पत्नी मोहम्मद हनीफ रहती हैं, उसकी दीवार पूरी तरह क्षतिग्रस्त है और कभी भी गिर सकती है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी और तहसीलदार ने मौके का निरीक्षण भी किया था। इस आवेदन के बाद नगरपालिका ने 27 मई 2026 को भवन निर्माण शाखा से नोटिस क्रमांक 299 जारी किया था। इसमें मकान मालिक को 7 दिन के भीतर स्वयं मकान तोड़ने का निर्देश दिया गया था, अन्यथा नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 221 के तहत निकाय द्वारा इसे गिराने की बात कही गई थी।

श्रावणी पर्व : हेमाद्री संकल्प और ऋषि तर्पण के बाद बदला जनेऊ

हरिभूमि न्यूज ⏭हरदा



जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को सर्व ब्राह्मण समाज संगठन और नार्मदीय ब्राह्मण समाज ने श्रावणी पर्व श्रद्धा और विधि-विधान के साथ मनाया। इस दौरान ब्राह्मणों ने हेमाद्री संकल्प स्नान, ऋषि तर्पण और पूजन के बाद नवीन यज्ञोपवीत धारण किया। करीब छह घंटे तक चले धार्मिक अनुष्ठान के दौरान बटुकों को भी जनेऊ धारण कराया गया और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दी गईं।

श्रावण शुक्ल पूर्णिमा पर श्रावणी उपाकर्म के तहत ब्राह्मण समाज के लोगों ने दस विधि और पंचगव्य स्नान किया। इसके बाद ऋषि तर्पण, सूर्योपस्थान और यज्ञोपवीत पूजन की प्रक्रिया पूरी की गई। धार्मिक अनुष्ठान के बाद पुरोहितों और सामाजिक बंधुओं ने नवीन यज्ञोपवीत धारण किया तथा कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांधा।

दो स्थानों पर हुए आयोजन

खेड़ीपुरा स्थित नार्मदीय ब्राह्मण समाज धर्मशाला में पंडित गोविंद शर्मा के मार्गदर्शन में पूजन-अर्चन और यज्ञोपवीत धारण कराया गया। वहीं हरियाणा ब्राह्मण समाज धर्मशाला में सर्व ब्राह्मण समाज की ओर से भी विधि-विधान से पूजन और दस विधि स्नान के बाद जनेऊ बदले गए। शहर की कुसुमकुंज कॉलोनी स्थित राम मंदिर में भी सर्व ब्राह्मण समाज ने श्रावणी पर्व मनाया।

आचार्य ओमप्रकाश पुरोहित ने बताया कि श्रावणी पर्व पर गुरु के सानिध्य में ब्रह्मचारी गाय के दूध, दही, घी, गोबर, गोमूत्र और कुशा से स्नान करते हैं। मान्यता के अनुसार, इस प्रक्रिया के जरिए वर्षभर में जाने-अनजाने में हुए पापकर्मों का प्रायश्चित किया जाता है।

इसके बाद ऋषि पूजन, सूर्योपस्थान, यज्ञोपवीत पूजन और नवीन यज्ञोपवीत धारण करने की परंपरा है। उन्होंने बताया कि यज्ञोपवीत या जनेऊ आत्मसंयम का संस्कार माना जाता है। इसके धारण करने के बाद व्यक्ति को 'द्विज' यानी दूसरा जन्म प्राप्त करने वाला माना जाता है। आयोजन में चंद्रकांत शुक्ला, गजानंद डाले, नगर अध्यक्ष दीपक शुक्ला, संदीप पुरोहित, दीपक चौबे, सुदीप मंडलोई सहित बड़ी संख्या में विप्र बंधु मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक माहौल बना रहा और समाजजनों ने श्रावणी पर्व की परंपराओं का विधिवत निर्वहन किया

बोर्ड परीक्षा के लिए ऑनलाइन कक्षाओं को लेकर कलेक्टर ने शिक्षकों से किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭खरगोन

कलेक्टर गुरु प्रसाद ने जिले में विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं बोर्ड परीक्षा परिणाम बेहतर करने के उद्देश्य से विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खरगोन में जिले के सभी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए विशेषकर 10वीं एवं 12वीं की कक्षाओं में गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी नियमित कक्षाओं के अतिरिक्त विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के माध्यम से ऑनलाइन कक्षाएं संचालित किए जाने के संबंध में शिक्षकों से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को विषयवार मार्गदर्शन उपलब्ध कराने और बोर्ड परीक्षा की बेहतर तैयारी के लिए प्रभावी शैक्षणिक व्यवस्था सुनिश्चित करने पर चर्चा की। कलेक्टर गुरु प्रसाद ने शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरगोन का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही शैक्षणिक एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, आवश्यकताओं एवं विद्यालय में मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा शिक्षकों से भी चर्चा की। इसके पश्चात कलेक्टर ने आस्थाग्राम का निरीक्षण कर वहां संचालित व्यवस्थाओं एवं उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी लेते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

भुजरिया पर्व के चलते आज अनाज मंडी में नीलामी बंद रहेगी

खरगोन। समस्त किसान बंधुओं को सूचित किया जाता है कि मंडी व्यापारी संघ एवं हम्माल-तुलावटी संघ, खरगोन के आवेदन के अनुसार भुजरिया पर्व के अवसर पर 29 अगस्त शनिवार को अनाज मंडी खरगोन में नीलामी कार्य बंद रहेगा। अतः किसान बंधुओं से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए 29 अगस्त 2026, शनिवार को अपनी कृषि उपज विक्रय के लिए अनाज मंडी प्रांगण में लेकर नहीं आएं। किसान बंधु मंडी में अपनी उपज लाने से पहले उक्त अवकाश का ध्यान रखें।

खरगोन पुलिस की ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭खरगोन

एमडी ड्रग्स की तस्करी करने वाले 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर (ग्रामीण) श्री अनुराग एवं उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन सुश्री सिमाला प्रसाद के द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर सतत निगरानी रखने एवं तस्करी में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था ।

वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा व अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन (शहर) श्री बिट्टू सहगल ने जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व समस्त थाना प्रभारियों को मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय व नशा करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । इसी तारतम्य में थाना कोतवाली खरगोन पर अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स की तस्करी के मामले में शामिल कुल 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही करने में सफलता हासिल की गई है ।

थाना कोतवाली खरगोन पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, एक सफेद रंग की मारूति सुजुकी फ्रोंक्स क्रमांक MP09BQ0412 मे तीन व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ एमडी लेकर उसे बेचने हेतु कसरावद तरफ से खरगोन होते हुए महाराष्ट्र जा रहे है । मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी कोतवाली खरगोन निरीक्षक बनवारी लाल मंडलोई के नेतृत्व के नेतृत्व में थाना कोतवाली खरगोन की पुलिस टीम को मुखबिर की सूचना से अवगत करवा कर आरोपियों की धरपकड़ कर विधिनुसार कार्यवाही करने हेतु रवाना किया गया ।

पुलिस टीम के द्वारा तत्काल ग्राम जामली मे खाटू श्याम जी मंदिर के पास भुसावल चित्तौड़गढ बायपास मार्ग पर पहुँच कर वहां से गुजरने वाले वाहनों पर नजर रखी गई व मुखबिर के बताए अनुसार सफेद रंग की मारूति सुजुकी फ्रोंक्स गाड़ी के आने का इंतजार किया गया । थोड़ी देर के बाद टीम को मुखबिर के बताए अनुसार सफेद रंग की मारूति सुजुकी फ्रोंक्स क्रमांक MP09BQ0412 आती दिखाई दी जिसे तत्काल टीम ने घेराबंदी कर रोका । रोकी गई कार मे 03 व्यक्ति बैठे दिखाई दिए जिनसे उनका नाम पता पूछने पर उन्होंने अपने नाम तनवीर निवासी अमन नगर खरगोन, शाहनवाज उर्फ शानू निवासी घासपुरा खंडवा हाल मुकाम मुल्लानवाड़ी खरगोन एवं आसिफ निवासी मदीना मस्दिज के पास आजाद नगर, इंदौर का होना बताया । पुलिस टीम के द्वारा मौजूद साक्षियों के समक्ष तीनों व्यक्तियों एवं कार की तलाशी ली गई जिसमें कार के डेश बोर्ड मे दो छोटी छोटी प्लास्टिक की पारदर्शी पन्नियों मे सफेद रंग का पदार्थ तथा एक छोटा मोबाईल नुमा छोटा इलेक्ट्रानिक तौलकांटा मिला ।

जिसके बारे मे पूछने पर सफेद रंग का पदार्थ, मादक पदार्थ MD ड्रग्स होना ज्ञात हुआ । पुलिस टीम के द्वारा तीनों आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है जहां आरोपियों का पुलिस रिमान्ड माननीय न्यायालय से प्राप्त कर कड़ी दर कड़ी अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क एवं अन्य सप्लायर के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जाएगी । जिले में मादक पदार्थों के अवैध व्यापार में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर एवं निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी ।

प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव, कलश यात्रा से पावन हुआ समूचा नगर



हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

सनातन संस्कृति की अमर पताका को गगनगामी करते हुए इछावर नगर के वार्ड क्रमांक 12 स्थित कृष्णा चौक पर श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में विग्रह प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव अपूर्व आध्यात्मिक गरिमा, अनिर्वचनीय उल्लास और अनुपम लोक-उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अलौकिक सुअवसर पर समूचा नगर शिवमय चेतना से स्पंदित हो उठा, मानो कैलास धाम की समस्त ऋद्धियां-सिद्धियां स्वयं इस पावन धरा पर अवतरित हो गई हों।

प्राण-प्रतिष्ठा के पावन पूर्व-संध्या एवं प्रभात काल में आयोजित भव्य जल-यात्रा एवं दिव्य चल-समारोह ने नगर की सांस्कृतिक वैभवता को चरमोत्कर्ष पर पहुंचा दिया। पीत वस्त्र धारिणी सहस्त्रों धर्मपरायण देवियों ने मस्तक पर कंचन कलश धारण कर जब नगर-भ्रमण किया, तो ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानो भक्ति धरातल पर प्रवहमान हो उठी हो। शंखध्वनि, डमरू के निनाद, वेद मंत्रों की गुंजन और 'हर-हर महादेव' के गगनभेदी जयघोषों से संपूर्ण दिगंत प्रतिध्वनित हो उठे।

अधिष्ठाता भगवान श्री सिद्धनाथजी महादेव का भादौ बदी दूज को 58वां शिवडोला कल निकाला जाएगा

27 झांकियों में मनोहारी चित्रण होगा, 9 नृत्य व 10 ढोल-ताशा दल रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭खरगोन

अधिष्ठाता भगवान श्री सिद्धनाथजी महादेव भादौ बदी दूज, रविवार, 30 अगस्त को भव्य शिवडोला के रूप में नगर भ्रमण करेंगे। 58वें शिवडोला को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। इस वर्ष शिवडोला में पौराणिक एवं धार्मिक प्रसंगों पर आधारित 27 आकर्षक झांकियां शामिल होंगी। भगवान श्री सिद्धनाथजी महादेव के कारवां में 9 नृत्य दल, 3 अखाड़े, 10 ढोल-ताशा दल, 2 भजन मंडलियां, 1 नगाड़ा दल तथा वानर दल विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। पंजाबी भांगड़ा-गिद्दा दल के साथ खालसा युद्ध कला का प्रदर्शन करने वाला गतका अखाड़ा भी शिवडोला की शोभा बढ़ाएगा। दो स्थानों पर स्थायी ट्रस के माध्यम से भव्य आतिशबाजी भी की जाएगी। सार्वजनिक श्रावण मास समारोह आयोजन समिति, श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर, भावसार मोहल्ला, खरगोन के प्रवक्ता प्रकाश भावसार ने बताया कि 58वें शिवडोला में भगवान श्री सिद्धनाथजी महादेव एवं भगवान श्री महाबलेश्वरजी महादेव की मुख्य झांकी के साथ पौराणिक विषयों पर आधारित 27 झांकियां शामिल होंगी। इनमें कोयला मोची समाज एवं संत सिंगाजी गवली समाज की झांकियां भी विशेष आकर्षण रहेंगी। ज्योतिनगर उत्सव समिति की झांकी, नंदी पर सवार शिव-पार्वती, चलित इलेक्ट्रिक हाथी, केदारेश्वर महादेव, साईंनाथ कॉलोनी, काल सेना आनंदनगर, कुबरेश्वर महादेव, रामेश्वर महादेव चमेली की बाड़ी तथा महाकाल ग्रुप, महाकाल मंदिर कुंदा तट की झांकियों में विभिन्न पौराणिक एवं धार्मिक प्रसंगों का मनोहारी चित्रण किया जाएगा। संत सिंगाजी गवली समाज कसरावद द्वारा नागलवाड़ी वाले बाबा की झांकी सजाई जाएगी। पाटीदार समाज की अंबे माता की झांकी के माध्यम से जैविक खेती एवं जैविक उत्पादों का संदेश दिया जाएगा। आशाधाम की झांकी में गंगा माता के अवतरण का चित्रण होगा। सीताराम सेना, हिन्दू युवा संगठन, मोतीपुरा संगठन, आदेश मित्र मंडल, किंग कोबरा, आशाधाम ग्रुप की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। शिवडोला समिति की झांकियों में मगर पर सवार गंगा माता, हाथी पर सवार मन महेश स्वरूप में महाकाल एवं हाथी द्वारा इत्र की वर्षा तथा नरकासुर वध जैसे धार्मिक प्रसंग आकर्षण का केंद्र रहेंगे। रघुवंशी समाज द्वारा बर्फानी बाबा की झांकी सजाई जाएगी। शिवडोला में गायक पीयूष कुशवाह, खरगोन तथा संजय नाइक, इंदौर की मंडलियों द्वारा सुमधुर भक्ति गीत एवं भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी।



9 नृत्य दल बिखेरेंगे लोक संस्कृति के रंग

शिवडोला समिति के सचिव विनीत महाजन ने बताया कि शिवडोला में गोरिल्ला नृत्य दल, हरदा; शिव-पार्वती-अघोरी नृत्य दल, बड़नगर; राजस्थानी नृत्य दल; गणगौर नृत्य, सांवरिया ग्रुप; राधा-कृष्ण नृत्य दल, इंदौर तथा आदिवासी भगोरिया नृत्य दल सहित 9 नृत्य दल अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इसके अलावा रूद्राक्ष मित्र मंडल का नगाड़ा दल, नवग्रह ढोल-ताशा पार्टी खरगोन तथा मां भवानी ढोल-ताशा पार्टी खंडवा सहित 10 ढोल-ताशा दल शिवडोला में शामिल होंगे। शिवडोला के दौरान बिस्टान रोड तिराहा पर कुंदन सेन तथा गुरु नानक चौराहा पर नितीन मालवीया मित्र मंडल द्वारा स्थायी ट्रस के माध्यम से भव्य आतिशबाजी की जाएगी।